BSES
BSES Yamuna Power Limited

SYNERGY

जून – 2015

रूफ टॉप सौर ऊर्जा का 'नेट मीटरिंग प्रोजेक्ट' लगाने वाली पहली बिजली कंपनी बीवाईपीएल

बीवाईपीएल, सौर ऊर्जा का 'नेट मीटरिंग प्रोजेक्ट' लगाने वाली दिल्ली की पहली बिजली वितरण कंपनी बन गई है। बीवाईपीएल ने पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार स्थित ईस्ट पॉइंट स्कूल की छत पर पहले नेट मीटरिंग प्रोजेक्ट की शुरूआत की है। यहां 20 किलोवॉट की रूफ टॉप सोलर नेट मीटरिंग व्यवस्था को बीवाईपीएल ने विद्युतीकृत किया है।

फिलहाल, इस स्कूल के पास सामान्य यानी ग्रिड की बिजली का 55 किलोवॉट का कनेक्शन है। अब वहां, स्कूल की छत पर 20 किलोवॉट के सौर उर्जा के पैनल/प्लांट लगाए गए हैं। इसमें क्रिस्टलाइन तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। सौर उर्जा के इस प्लांट में प्रतिमाह 2400 - 3000 यूनिट बिजली का उत्पादन होगा, जिससे उपभोक्ता को 25,000 रूपये प्रति माह की बचत होगी।

नेट मीटरिंग प्रोजेक्ट के विद्युतीकृत होने के बाद, ऐसे उपभोक्ता खुद के इस्तेमाल से बची हुई बिजली को लीन पीरियड में डीईआरसी द्वारा अप्रूव्ड दरों पर बीएसईएस को आपूर्ति कर सकते हैं।

यह, दरअसल, डीईआरसी के रूफ टॉप सोलर नेट मीटरिंग पॉलिसी का हिस्सा है। अक्षय उर्जा को बढ़ावा देने के लिए डीईआरसी ने हाल ही में यह पॉलिसी जारी की थी। उसके बाद से, बीएसईएस डिस्कॉम्स लगातार सौर उर्जा को बड़े पैमाने पर उपभोक्ताओं के बीच प्रचारित कर रही हैं, और उन्हें इसके फायदों के बारे में जागरूक कर रही है। इन प्रयासों के परिणाम अब दिखने शुरू हुए हैं।

थर्ड पार्टी से भी करवा सकते हैं मीटर की जांच

अगर आप अपनी बिजली कंपनी द्वारा किए गए मीटर की जांच के परिणामों से संतुष्ट नहीं हैं, तो किसी तीसरी स्वतंत्र पार्टी से अपने मीटर की जांच करा सकते हैं। दिल्ली सरकार के पब्लिक ग्रिवैंस सेल यानी पीजीसी ने सेंट्रल पावर रिसर्च इंस्टिट्यूट यानी सीपीआरआई के साथ, इस सिलसिले में एक समझौता किया है। यह भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्था है। इस संस्था से जांच करवाने के लिए शुल्क हैः

सिंगल फेज मीटर के लिए 200 रूपये और थ्री फेज मीटर के लिए 500 रूपये।

इच्छुक लोग निम्नलिखित पते पर पीजीसी से संपर्क कर सकते हैं:

पब्लिक ग्रिवैंस सेल, ऊर्जा विभाग, दिल्ली सरकार

33 केवी एसएलडीसी बिल्डिंग, सिविल सेंटर के निकट

मिंटो रोड- टैगोर रोड, नई दिल्ली - 110002

टेलीफोन नंबरः 1800 11 2222, 2323 0593, 2323 6596, 2323 4028

वेबसाइटः www.bijlipgr.gov.in

बीवाईपीएल ने किया उत्कृष्ट सहभागी सम्मेलन का आयोजन

बीवाईपीएल ने कंपनी और उपभोक्ताओं के बीच की कड़ी को और मजबूत करते हुए अपने पहले, उत्कृष्ट सहभागी सम्मेलन 2015 का आयोजन किया। ये उत्कृष्ट सहभागी, दरअसल, उपभोक्ताओं व आरडब्ल्यूएज के सम्मानित प्रतिनिधि हैं। उम्मीद है कि उनके सहयोग और मार्गदर्शन से बीवाइपीएल अपने उपभोक्ताओं के और करीब पहुंचेगी, तथा उन्हें पहले के मुकाबले कहीं बेहतर सेवा उपलब्ध करा पाएगी।

हाल ही में कड़कड़ूमा स्थित बीवाईपीएल मुख्यालय में उत्कृष्ट सहभागी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें उत्कृष्ट सहभागियों और बीवाईपीएल सीईओ श्री पी.आर. कुमार के नेतृत्व में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने उपभोक्ता केंद्रित मसलों पर बात की।

एमडीआई/ मैक्सिमम डिमांड इंडिकेटर के बारे में तथ्य

- **मैक्सिमम डिमांड इंडिकेटर या एमडीआई क्या है ?**
  बिजली के मीटर द्वारा किसी भी बिलिंग अवधि में, लगातार 30 मिनट या उससे अधिक समय तक रेकॉर्ड की गई बिजली की उच्तम/सर्वोच्च/सर्वाधिक मांग को एमडीआई या मैक्सिमम डिमांड इंडिकेटर कहते हैं।

- **किस आधार पर बिजली का लोड रिवाइज किया जाता है, या बढ़ाया - घटाया जाता है ?**
  पिछले वित्त वर्ष के दौरान आपके घर/दफ्तर में बिजली की खपत के बढ़ने या घटने के आधार पर आपके सैंक्शंड लोड को बढ़ाया या घटाया जाता है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान तीन उच्तम/सर्वोच्च/सर्वाधिक एमडीआई का जो औसत निकलता है, उसे ही अगले वित्त वर्ष के दौरान आपका सैंक्शंड लोड माना जाता है।

- **एमडीआई के आधार पर जिस तरह लोड स्वतः बढ़ाया गया था, उसी तरह लोड को स्वतः क्यों नहीं घटाया जाता ?**
  दिनांक 01.02.2011 को जारी डीईआरसी की आदेश संख्या F.11(548)/DERC/2009-10/C.F.No.2373/4557 के मुताबिक, एमडीआई कम होने की स्थिति में बिजली वितरण कंपनी पहले उपभोक्ता को नोटिस भेजकर बताएगी कि उसका एमडीआई, सैंक्शंड लोड से कम है। सैंक्शंड लोड घटाने से पहले बिजली वितरण कंपनी उपभोक्ता की सहमति लेगी। इस तरह, उपभोक्ता की सहमति से अगले बिलिंग चक्र में इसे पूरा किया जाएगा।

आपकी सेवा में 24X7 फोन 399-99-808

अपने फीडबैक व सुझाव भेजें:
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस
बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़ूमा, दिल्ली-110032
सीआईएनः U74899DL2001PLC111525
फोनः 011-399-99-808,
वेबसाइटः www.bsesdelhi.com

एसएमएस

टाइप करे '-बीएसईएस वाईपी, स्पेस दें, एनसी लिखें, स्पेस दें, नौअंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और 5616108 पर भेज दें

आईवीआरएस

अपने रजिस्टर्ड फोन नंबर से 399-99-808 पर फोन करें, बिजली गुल के लिए 1 दबाएं, और आईवीआरएस आधारित सेवाओं के लिए आप्शन 2 चुनें। आपका अनुरोध अपने आप ही रजिस्टर्ड हो जाएगा। अगर आप किसी रजिस्टर्ड नंबर से कॉल नहीं कर रहे हैं, तो कृपया अपना सीए नंबर पंच करें, आपकी रिक्वेस्ट स्वतः रजिस्टर हो जाएगी।

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़ूमा, दिल्ली – 110032 के लिए, फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050 द्वारामुद्रित